हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 20 जून 2025

13 दफ्तर में अधिकारियों को पानी निकासी...



14 एसडीएम ने आम लोगों के साथ की योग की रिहर्सल



**खबर संक्षेप**

### जिला परिवेदना समिति की बैठक आज

**झज्जर।** सीटीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि जिले में नागरिक शिकायतों के त्वरित व स्थाई समाधान के लिए गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक शनिवार को सुबह 11 बजे संवाद भवन में होगी। जिसकी अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सभी विभागाध्यक्षों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।



झज्जर। श्याम सिंह राणा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री।

### अपहरण करने के केस में दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के नजदीक स्कॉर्पियों सवार युवकों द्वारा मोटरसाईकिल सवार युवक के अपहरण करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि गौरव निवासी अकेहड़ी मदनपुर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। एएसआई अजीत कुमार की टीम ने दो आरोपियों को पकड़ा। इनकी पहचान रितिक निवासी मारौत और साहिल निवासी अकेहडी मदनपुर के तौर पर की गई है। आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### एचएल सिटी में बनेगा ब्रह्माकुमारी केंद्र

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी में भी अब ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए एसएच सिटी के निदेशक राकेश जून द्वारा भूमि भेंट की गई है। इसके लिए बीके अंजलि दीदी ने उनका आभार व्यक्त किया है। ब्रह्मकुमारीज संस्था द्वारा जीडी गोयनका स्कूल के सामने रविवार 22 जून को राजयोग मेडिटेशन भवन व लाइब्रेरी का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में बीके आशा दीदी, बीके रामसुख मिश्रा, विधायक राजेश जून, एचएल सिटी के डायरेक्टर राकेश जून, शैलजा जून, डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल जी, एडीसी जगनिवास को मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया है।

### बिजली उपभोक्ताओं की रोहतक में आज सुनवाई

**झज्जर।** शनिवार को बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को दूर करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा रोहतक में विशेष शिकायत निवारण बैठक राजीव गांधी विद्युत भवन कांफ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। जिसमें विशेष तौर पर झज्जर के उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायत पर सुनवाई होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन जोनल सीजीआरएफ मुख्य अभियंता रोहतक करेंगे।

# आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

## गुढ़ा आईटीआई में अब तक आए 895 आवेदन

- विद्यार्थियों की सहायता के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क स्थापित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ा के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि दाखिले से संबंधित दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, ईमेल आईडी, दसवीं आधारित योग्यता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट की कॉपी व मोबाइल नंबर के साथ-साथ फैमिली आईडी अनिवार्य है। सरकार द्वारा आईटीआई में कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पासपोर्ट बनवाने की सुविधा भी दी है। उन्होंने बताया कि गुढ़ा आईटीआई में अब तक 508 सीटों पर अभी तक 895 आवेदन आ चुके हैं।



झज्जर। आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन करते हुए विद्यार्थी।

### आईटीआई गुढ़ा में कुल 508 सीटें

प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि उनके संस्थान की 508 सीटों पर अभी तक 895 आवेदन आ चुके हैं। उनके संस्थान में विभिन्न ट्रेड एवं यूनिट में कोपा में 48, इलेक्ट्रीशियन में 40, फिटर में 40 रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग में 48, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक में 24, वायरमैन में 20, वेल्डर में 40, प्लंबर में 48, सेविंग टेक्नोलॉजी में 20, सोलर टेक्नीशियन में 20, मैकेनिक मोटर व्हीकल में 24, मैकेनिक डीजल में 48, मैकेनिक ट्रैक्टर में 40, ड्राफ्ट्समैन सिविल में 24 व वुड वर्क टेक्नीशियन में 24 सीटें हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सहायता के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है।

## एथेनॉल प्लांट के विरोध में गोरिया गांव में पंचायत

# ग्रामीणों ने दिया प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम


पंचायत में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया, जो करेगी सप्ताह के भीतर मांग पूरी कराने का प्रयास

- सात दिनों में समाधान नहीं किया गया तो होगी चालीस गांवों की पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

झाड़ली क्षेत्र में पंद्रह एकड़ की पंचायती भूमि पर प्रस्तावित एथेनाल प्लांट के विरोध में वीरवार को गोरिया गांव में पंचायत का आयोजन किया गया। गोरिया, खानपुर, भडंगी, लिलोढ, झांसवा व खानपुर खुर्द सहित आठ गांवों की इस पंचायत की अध्यक्षता ओमप्रकाश नंबरदार ने की। पंचायत में विभिन्न गांवों से महिलाओं ने पहुंच कर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पंचायत में मौजिज लोगों द्वारा फैसला लेकर जिला प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेट देते हुए कहा कि यदि एथेनाल प्लांट न लगाने के मामले में उनकी सुनवाई नहीं की गई तो सात दिन बाद चालीस गांवों की पंचायत बुलाई जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही इस क्षेत्र में लगे पावर प्लांट व सीमेंट फैक्ट्रियों के कारण उनके यहां वायु एवं जल प्रदूषण की समस्या बनीं है जब यह प्लांट लगने से उन्हें और अधिक परेशानी आएगी।

बता दें कि पिछले दिनों एथेनाल प्लांट के विरोध में गोरिया सहित विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों ने लघु सचिवालय पहुंच कर डीसी के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए प्लांट का निर्माण न करने की बात कही थी। समस्या सुनने उपरांत डीसी द्वारा इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों ने पंचायत का फैसला लिया।



झज्जर। पंचायत के दौरान उपस्थित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। पंचायत के दौरान अपनी बात रखते प्रबुद्धजन। फोटो : हरिभूमि

### प्लांट लगाने वाली जगह पर पंचायत

ग्रामीणों द्वारा गोरिया में उसी जमीन पर तंबू लगाकर पंचायत की जहां पर यह एथेनॉल प्लांट लगाया जाना है। उन्होंने विरोध जताते हुए कहा कि जब यह जमीन उनसे खरीदी गई थी तो उस समय यहां पर एथेनॉल प्लांट लगाने का कोई जिक्र नहीं था। लेकिन प्रशासन से मिलीभगत के चलते संबंधित कंपनी ने इस जमीन का नेचर चेंज कर दिया गया। जोकि ग्रामीणों को कतई मंजूर नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह कैमिकल वाला प्लांट लग गया तो लोगों का तो यहां जीना दूभर हो जाएगा। यहां संक्रामक बीमारियां फैल जाएंगी और लोग पलायन करने पर मजबूर हो जाएंगे। कई घंटों चली पंचायत में शासन और प्रशासन को चेतावनी दी गई कि इस प्लांट के कारण उन्हें नुकसान हो रहा है और यदि उनकी नहीं सुनी गई तो वे चालीस गांवों की पंचायत करके आगामी निर्णय लेंगे।

इस दौरान गोरिया ग्राम सरपंच अजीत सिंह की अध्यक्षता में एक 21 सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया गया। यह कमेटी जिला प्रशासन से संपर्क कर उनकी मांग को सप्ताहभर के भीतर पूरा कराने का प्रयास करेगी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान भीम सिंह झांसवा, दिलबाग साहब खानपुर खुर्द, राजेंद्र मुमताजपुर, पूर्व सरपंच अभय सिंह भड़ंगी, आनंद कुमार कोहारड़, उमराव मोहनबाड़ी, तेजपाल ठेकेदार लिलोढ़, दीपक झोलरी, बिजेंद्र गोरिया, विकास, राजबीर, सतीश, हवासिंह, संदीप, जयभगवान, राजकुमार, राजेश, अनिल, सुखबीर, धर्मवीर, सत्यवान, देवेंद्र लांबा, अनिल, अशोक, नफे सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# मांडोठी के सुमित पहलवान ने एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

- फाइनल में उज्बेकिस्तान के पहलवान को हराया
- वियतनाम में चल रही है एशियन चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धाक जमा रहे पहलवान सुमित दलाल का जलवा बरकरार है। सुमित ने वियतनाम में चल रही एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते हुए देश के लिए गोल्ड मेडल जीत लिया है।

फाइनल बाउट में सुमित ने उज्बेकिस्तान के पहलवान को शिकस्त दी। सुमित दलाल की जीत पर कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। दरअसल, वियतनाम में गत 18 से 26 जून तक अंडर-23 व कैडेट एशियन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस चैंपियनशिप में मांडोठी का लाल सुमित दलाल भी दमखम दिखा रहा है। सुमित ने अंडर-23 में 63 केजी ग्रीकोरोमन शैली वर्ग में अपनी तमाम कुश्तियां जीतकर फाइनल में जगह बनाई। वीरवार की रात को फाइनल मुकाबला उज्बेकिस्तान के पहलवान के साथ हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में सुमित अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवान पर हावी रहा और 6-5 के अंतर से जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सुमित की जीत पर परिजनों, कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। स्वदेश लौटने पर उसका जोरदार अभिनंदन किया जाएगा।बता दें कि सुमित दलाल मांडोठी में स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में अभ्यास करता है। बेहद ही होनहार पहलवान है। अब तक तीन बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीत चुका है। एशिया चैंपियनशिप में भी मेडल जीते हैं। आमतौर पर जब भी विदेश खेलने जाता है तो मेडल जीतकर ही लौटता है। अब एक बार फिर वियतनाम में देश का परचम लहरा दिया है।



गोल्ड मेडल जीतने के बाद अपने कोच धर्मेंद्र दलाल के साथ सुमित पहलवान।

### ट्रक की चपेट में आने से किसान की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव जहांगीरपुर में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक रफ्तारी ट्रक की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। मृतक की पहचान पवन के रूप में हुई है। पवन पेशे से किसान था और जहांगीरपुर का रहने वाला था। वह घर से अपने खेत में जा रहा था। जब खुंगाई रोड के पास सड़क क्रास करने लगा तो दस टायरी ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे के बाद आरोपी फरार हो गया। लोगों ने पवन को संभाला और अस्पताल ले गए। पीजीआई में ईलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस पीजीआई पहुंची और मृतक के परिजनों के बयान लिए। करीब 37 वर्षीय पवन तीन बच्चों का पिता था। जांच अधिकारी जयकरण सिंह का कहना है कि आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

# स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में सूरज ने जीता स्वर्ण पदक



बहादुरगढ़। कोच नीरज शर्मा के साथ सूरज राणा।

- हिमाचल के पालनपुर में तीसरी नॉर्थ इंडिया प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

खिलाड़ी सूरज राणा ने नॉर्थ इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। वापिस लौटने पर ओमेक्स सिटी में खेल प्रेमियों ने सूरज का स्वागत किया।

कोच नीरज शर्मा ने बताया कि 13 से 15 जून तक हिमाचल प्रदेश के पालनपुर में तीसरी नॉर्थ इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें देशभर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 95 किलोग्राम भारवर्ग में बहादुरगढ़ के खिलाड़ी सूरज राणा ने 260 किलोग्राम इंक्लाइन बेंच प्रेस लगाकर गोल्ड मेडल हासिल किया। वे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में पदक हासिल कर चुके हैं। सूरज राणा ने अपनी जीत का श्रेय कोच और माता-पिता को दिया।

नीरज शर्मा ने बताया कि सूरज का चयन 15 से 21 जुलाई तक थाईलैंड में होने वाली वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस मौके पर शोभित, कुलदीप और नरेश आदि मौजूद रहे।

# बेरी में एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं



बेरी। समाधान शिविर में गुरुवार को लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

- शिविर में परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर लोग पहुंचे। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है। इससे न केवल लोगों की समस्याओं को सुनने का अवसर मिलता है, बल्कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली को भी अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा सकता है।

**मुहिम** 19 जून से 18 जुलाई तक मनेगा राष्ट्रीय पठन माह, सीबीएसई की नई पहल

# विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करेगी सीबीएसई, छात्रों के बीच होंगी प्रतियोगिताएं

- सीबीएसई ने स्कूलों को गाइडलाइन जारी की
- सीबीएसई ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा वीरवार 19 जून से राष्ट्रीय पठन माह शुरू हुआ है। इस दौरान विद्यार्थी प्रतिदिन किताब पढ़ने की शपथ लेंगे। पीएन पणिक्कर की स्मृति में मनाए जा रहे इस कार्यक्रम का समापन 18 जुलाई को होगा। जूनियर कक्षाओं के बच्चों के लिए चित्रकला और ड्राइंग प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन होगा। इस बारे में सीबीएसई ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों को पत्र लिखा है।



बहादुरगढ़। अनीता राणा

### स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा

बच्चों में शुरू से ही पढ़ने की आदत को विकसित करने के उद्देश्य से सीबीएसई ने स्कूलों को गाइडलाइन जारी की है। इसके लिए स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत बच्चे पढ़ने की आदत विकसित करने का संकल्प लेंगे। प्रिंसिपल अनीता राणा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों में कम उम्र से ही पढ़ने की आदत विकसित करने के महत्व पर जोर दिया गया है। इस क्रम में 30वां राष्ट्रीय पठन माह 19 जून से 18 जुलाई तक मनाया जाएगा। सीबीएसई के दिशानिर्देश पर स्कूलों द्वारा इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई ने प्रसिद्ध लेखकों को स्कूलों में आमंत्रित कर वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित करने, 50 पुस्तकों के साथ पीएन पणिक्कर रीडिंग कॉर्न स्थापित करने, जूनियर कक्षाओं के बच्चों के लिए चित्रकला और ड्राइंग प्रतियोगिता करने, स्कूल असेंबली में विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा दिलवाने की हिदायत दी है। अनीता राणा ने बताया कि किताबें पढ़ने को प्रोत्साहित करने के लिए ऑनलाइन-ऑफलाइन प्रश्नोत्तर प्रतियोगिताएं भी होंगी। इसके संगोष्ठी और कार्यशालाएं, पुस्तक प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जाएगा।

# विद्यार्थियों ने किया इसरो का भ्रमण



बहादुरगढ़। इसरो का भ्रमण करने गए सैनिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सैनिक पब्लिक स्कूल द्वारा 14 से 20 जून तक विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने बताया कि 5 दिवसीय भ्रमण के लिए स्कूल के 25 विद्यार्थियों और 5 शिक्षकों का चयन किया गया। ये सभी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का शैक्षणिक भ्रमण करने गए। छात्रों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के साथ ही भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से परिचित करवाया गया।

इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने विद्यार्थियों को उपग्रह के निर्माण, परीक्षण, एकीकरण, प्रक्षेपण स्थल तक परिवहन और अंततः प्रक्षेपण की समस्त चरणों की जानकारी दी। विद्यार्थी पीएसएलवी, जीएसएलवी, चंद्रयान और मंगलयान आदि भारत के अंतरिक्ष मिशनों की उपलब्धियों से अत्यंत प्रभावित हुए। साथ ही बच्चों ने बंगाल की खाड़ी व स्थानीय मंदिरों में दर्शन किए। स्कूल प्रबंधन ने इसरो का भ्रमण में सहयोग के लिए आभार जताया।



स्वास्थ्य

युविका धर योग प्रशिक्षक

बच्चो, अगर तुम्हें फिजिकली-मेंटली फिट एंड हेल्दी रहना है तो अपने डेली रूटीन में योगाभ्यास को जरूर शामिल करो। योगासन, बॉडी पोश्चर को सुधारने के साथ-साथ हमें टेंशनफ्री और रिलैक्स रखते हैं। यहां हम तुम्हारे लिए कुछ योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम आसानी से कर सकते हो, ये बहुत प्रभावी भी हैं।

# ये योगासन तुम्हें रखेंगे फिट एंड हेल्दी



## सुखासन

**इसे करने** के लिए अपने पैरों को क्रॉस करके और पीठ को सीधा करके जमीन पर बैठ जाओ। अपने हाथों को अपने हृदय के मध्य में या घुटनों पर रखो। अब आंखें बंद करके धीरे-धीरे गहरी सांस लो और धीरे-धीरे छोड़ो।


**लाभः** सुखासन करने से एकाग्रता यानी कंसंट्रेशन बढ़ाने में मदद मिलती है। तुम जो भी काम करते हो वह जल्दी और बहुत अच्छे से हो जाता है। *

## बद्धकोणासन

**इसे बाउंड** एंगल पोज या तितली मुद्रा भी कहा जाता है। बच्चो, इस आसन को तुम आराम से कर सकते हो। इसे करने में तुम्हें मजा भी आएगा। बद्धकोणासन करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ सीधी और पैरों को चौड़ा करके बैठ जाओ। अब पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे के सामने रखकर पैरों से तितली की तरह फ्लाइंग मूवमेंट करो।



**लाभः** इस आसन को करने से डाइजेशन सही रहता है। अगर पीठ का दर्द है तो इससे राहत मिलती है और मूड भी अच्छा बना रहता है। *



## मार्जरी आसन (बिल्ली मुद्रा)

**मार्जरी आसन** करने के लिए अपनी कोहनियों, कंधों और कलाइयों को सही पोजिशन में रखते हुए, अपने हाथों और घुटनों के बल टिक कर अपनी पीठ को झुकाओ और एक बिल्ली की तरह पोज बनाओ फिर 30 सेकेंड तक इसी पोजिशन में रुको। बच्चो, इस योग को करने में तुम्हें बहुत मजा भी आएगा।

**लाभः** इस मजेदार आसन को करने से तुम्हारी पीठ की मसल्स मजबूत बनेंगी। साथ ही इससे तुम्हारा पोश्चर भी सुधार रहेगा, तुम स्मार्ट दिखोगे। *



## वृक्षासन

**इस आसन** को करने के लिए अपने हाथों को बगल में रखकर सीधे खड़े हो जाओ। अपना वजन एक पैर पर डालो और दूसरे पैर को उठाकर अपनी जांघ, टखने या पिंडली पर टिका दो। अपनी हथेली को आपस में एक साथ मिलाकर इसे दबाते हुए अपने सिर के ऊपर उठाओ। कुछ समय तक इसी पोजिशन में रुको फिर सामान्य हो जाओ।

**लाभः** वृक्षासन से शरीर का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे हमारा शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। *

## वीरभद्रासन



**इस आसन** को 'वॉरियर पोज' यानी 'योद्धा मुद्रा' भी कहते हैं। वीरभद्रासन करने के लिए एक पैर को आगे बढ़ाकर ऊंची छलांग लगाने वाली मुद्रा में खड़े हो जाओ और सामने वाले घुटने को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ो। अपने पिछले पैर को जमीन पर 45 डिग्री के कोण पर सीधा रखो। सांस बाहर छोड़ो और कुछ देर तक रोक कर रखो। इस आसन को करते हुए तुम अपने आप को स्ट्रॉन्ग और बैलेंस्ड फील करो।

**लाभः** यह आसन तुम्हें भीतर से मजबूत बनाएगा। इसे करने से तुम्हारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ने पर तुम कभी किसी काम के लिए ना नहीं कहोगे, तुम्हारी छवि एक योग्य व्यक्ति के रूप में बनेगी। *

## उत्कटासन



**इस आसन** को चेयर पोज भी कहा जाता है। उत्कटासन करने के लिए अपनी भुजाओं को सिर के ऊपर उठाओ, गहरी सांस लो और अपने घुटनों को आगे लाओ। अपनी जांघों को जमीन के समानांतर रखो। एक मिनट तक इसी पोजिशन में रुको फिर धीरे-धीरे पहले जैसी स्थिति में आ जाओ।

**लाभः** उत्कटासन करने से तुम्हारे पैर की मसल्स मजबूत बनेंगी। तुम्हारी बैलेंसिंग केपेसिटी बढ़ेगी। साथ ही तुम्हारी मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहेगी। *

● प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन

# नियमित करो योग रहो स्वस्थ-निरोग

हर कोई शरीर और मन से स्वस्थ, निरोग रहना चाहता है। इसके लिए हमें योग जरूर करना चाहिए। योग का हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ता है। बच्चो, जानो योग करने के क्या-क्या फायदे होते हैं।



सलाह

राकेश चक्र

योग का जन्मदाता अपना देश भारत है। योग भारत में तो लोकप्रिय है, आज इसे विश्व के अन्य देशों में भी अपना रहे हैं। योग हमारे तन-मन दोनों को ही स्वस्थ रखने का बहुत प्रभावी माध्यम है। इसलिए, हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग के क्या-क्या लाभ हैं, इसकी जानकारी हर बच्चे को होनी चाहिए, जानो।

**स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारीः** नियमित योग करने से हम स्फूर्तिवान बनते हैं। शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, हमारा शरीर निरोगी रहता है।



**बढ़ती है कार्यक्षमताः** चूंकि योग से हम स्वस्थ रहते हैं, इसलिए हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। इससे मन एकाग्रचित रहता है, याददाश्त बढ़ती है, बुद्धि तेज होती है। इस कारण हम अपने सभी काम जल्दी और बेहतर ढंग से कर पाते हैं। योग हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है। यह हमें शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं।

**बढ़ता है आत्मविश्वासः** योग हमारे स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सहायक रहता है। अगर इसे नियमित किया जाए तो इससे हमारा आत्मविश्वास यानी कॉन्फिडेंस बढ़ता है। बच्चो, हमारा कॉन्फिडेंस मुश्किल से मुश्किल काम को आसानी से करने का हौसला देता है। हम अपना काम सही ढंग से करने में सफल होते हैं।

**प्रकृति से जोड़ता हैः** प्रायः योग किसी खुले स्थल जैसे पार्क आदि में किया जाता है, इसलिए इसे करने के दौरान हम प्रकृति के करीब आते हैं। योग की विभिन्न मुद्राएं, जैसे- हंस मुद्रा (हंस की तरह मुद्रा), वृक्षासन (पेड़ की तरह स्थिर कद), सिंहासन (शेर की तरह), मंडूकासन (मेंढक की तरह) आदि ऐसे आसन हैं, जो हमें प्रकृति को समझने का अवसर देते हैं, हमें प्रकृति से जोड़ते हैं। ये आसन पशु-पक्षियों एवं प्रकृति से ही सीख कर, प्रेरित होकर हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा अपनाए गए हैं।

**दूर होती है हीन भावनाः** जब लोग किसी दूसरे से खुद की तुलना करते हैं तो कई बार उनके मन में हीन भावना घर कर जाती है। इस तरह की हीन भावना उनकी सफलता में बाधक बनती है। योग हमें हीन भावना जैसे नकारात्मक विचारों से दूर रखता है। योग हमें खुद को बेहतर बनाने और बिना किसी से तुलना किए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने में मदद करता है। योग आलस्य से दूर रखकर हमें परिश्रमी और जागरूक बनाता है।

बच्चो, इन सबके अलावा भी योग के अनेक फायदे हैं, जो तुम योग करते-करते खुद ही महसूस करोगे। योग तुम्हें शारीरिक-मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर हर दिन बेहतर बनने में मदद करता है। योग तुम्हारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# रोचक विज्ञान कथाएं

कई बच्चे विज्ञान को बहुत कठिन विषय मानते हैं, उसके नियम और सिद्धांत उन्हें आसानी से समझ में नहीं आते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। विज्ञान को अगर मजेदार तरीके से पढ़ा और प्रायोगिक तौर पर समझा जाए तो यह तुम्हें सबसे रोचक विषय लगेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक देवेंद्र मेवाड़ी द्वारा लिखी पुस्तक 'सुनो बात विज्ञान की' में संकलित दस कहानियां पढ़कर तुम इस बात को जरूर मानोगे। इस किताब में तुमको विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी बहुत ही रोचक कहानी के जरिए पढ़ने को मिलेगी। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र देवीदा, विज्ञान के बहुत अच्छे जानकार हैं, जो अपने आस-पड़ोस में रहने वाले कुछ बच्चों को विज्ञान से जुड़ी जानकारियां खिलंदड़े अंदाज में देते हैं। ये बच्चे (मानसी, गार्गी, नंदू, चेतन, विक्रम, सौरभ, शेफाली, विवेक आदि) अपने मन की सारी जिज्ञासाएं बेझिझक देवीदा से पूछते हैं, जिन्हें वे व्यावहारिक प्रमाण देकर उन्हें समझाते हैं। इन कहानियों में तुम चंद्रमा पर भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन के बारे में, धूमकेतुओं के बारे में, बिजली के आविष्कार के इतिहास के बारे में, पेड़-पौधों की महत्ता के बारे में, ऋतु चक्र में वसंत के महत्व के बारे में, जुगनुओं, पक्षियों, आलू की कहानी समेत प्राकृतिक आपदा सुनामी और होली पर नकली रंगों के इस्तेमाल से नुकसान के बारे में पढ़ सकते हो। इन्हें पढ़ने के दौरान तुम्हें जरा भी बोरियत नहीं महसूस होगी और तुम बहुत कुछ नया जान-समझ जाओगे। *




**किताब :** सुनो बात विज्ञान की, **लेखक :** देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य :** 125 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## जीके क्विज-158

1. हाल ही में किस पूर्व भारतीय कप्तान को आइसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है?
2. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे?
3. एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन किस राज्य में स्थित है?
4. प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. हमारे शरीर के बालों में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
7. हल्दी घाटी का युद्ध कब हुआ था?
8. भारत में नेशनल डॉक्टर्स डे कब मनाया जाता है?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?
10. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?



बच्चों, जीके क्विज-158 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-157 का उत्तरः** 1.शतरंज, 2.कनाडा, 3.एनालेना बैरबॉक, 4.सुभाष चंद्र बोस, 5.ओडिशा, 6.मेगास्थनीज, 7.ओटावा, 8.विटामिन ए, 9.बैकाल, 10.किडनी

**जीके क्विज-157 का सही उत्तर देने वालेः** आशीष-दुर्ग, सौम्या-रायपुर, सागर-बिलासपुर, हिमांशु-बिलासपुर, गोल्डी-भोपाल, चेतन-रोहतक, कबीर-हिसार, गोदावरी-ईमेल से, चैतन्य-महासमुंद, राजन-बालोद, काव्या-दुर्ग



कहानी

संतोष उत्सुक

आभास को अपने दोस्तों की देखा-देखी जंक फूड्स खाने का शौक हो गया। देखते-देखते उसका वजन बढ़ गया, वह मोटा दिखने लगा। मम्मी को चिंता हुई तो उन्होंने आभास को टोका, पापा ने भी उसे समझाया। क्या आभास पर अपने मम्मी-पापा के समझाने का कोई असर हुआ?

# भगाया मोटापा!



आभास के पापा का ट्रांसफर दूसरे शहर में हो गया था। नए शहर में आकर वह बहुत खुश और उत्साहित था। यहां उसके नए दोस्त बने। नए घर में शिफ्ट होने के बाद पापा ने आभास से कहा, 'बेटा, तुम्हें एक बड़े और अच्छे शहर में रहने का फायदा उठाना चाहिए। पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। तुम्हारे नए स्कूल में ये सभी सुविधाएं उपलब्ध भी हैं। तुम इनका फायदा उठाओ।'

आभास का स्कूल जाना शुरू हुआ तो नए सहपाठी मिले, जिनमें से कई उसके मित्र बन गए। आभास के कई सहपाठी तो पड़ोस में ही रहते थे। स्कूल के बाद रोजाना सभी मिलते थे। आभास के कई मित्र, तरह-तरह की चीजें खाने के बहुत शौकीन थे। आपस में पढ़ाई-लिखाई के साथ मनपसंद चीजें खाने की बातें भी होती थीं। उन्हें जंक फूड्स बहुत पसंद थे। स्कूल के आस-पास जंक फूड के कई आउटलेट्स खुले हुए थे। स्कूल टाइम के बाद बच्चे मोमोज, स्प्रिंग रोल, चाऊमिन, पिज्जा, बर्गर और भी कई ऐसी चीजें मजे से खाते थे।

आभास पहले जंक फूड कभी-कभार ही खाता था, क्योंकि जहां वह रहता था, ये चीजें कम ही मिलती थीं। वह तरह-तरह की चीजें खाने का बहुत शौकीन था, इसलिए जब उसे ये चीजें रोज खाने को मिलने लगीं तो उसकी जुबान पर इनका स्वाद चढ़ गया। ज्यादा समय नहीं लगा, इन्हें खाकर उसका वजन बढ़ गया। दो महीने में ही आभास का पेट निकल आया। कुछ दिन बाद कमीज के निचले बटन मुश्किल से बंद होने लगे। कमर पर पैंट कसने लगी। एक दिन मम्मी ने कहा, 'बेटा, मुझे पता है तुमने जंक फूड ज्यादा खाना शुरू कर दिया है। तुम्हारा वजन बढ़ रहा है। यह अच्छी बात नहीं है। अपनी हेल्थ का ध्यान रखो।'

आभास बोला, 'मम्मी, आपको पता तो है मुझे मोमोज, पास्ता, पिज्जा, बर्गर और चाऊमीन बहुत पसंद हैं। पहले ये चीजें मैं कहां खा पाता था, अब चांस मिला है।'

मम्मी ने समझाया, 'बेटा, तुम पहले कभी-कभी खाते थे तो तुम्हारे शरीर पर ज्यादा असर नहीं होता था। तुम्हारा स्कूल भी घर से दूर था। पैदल भी खूब चलते थे। यहां स्कूल पास है और जंक फूड की दुकानें भी हैं। तुम अपना ध्यान रखो, नहीं तो मोटे होते जाओगे।'

आभास ने मम्मी की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि उसका वजन और ज्यादा बढ़ गया। कभी-कभार उसके मन में आता कि आज नहीं खाएगा, लेकिन अपने सहपाठियों के कहने और दुकान से आ रही खुशबू के कारण, वह ललचा जाता फिर जाकर वह खा लेता। जंक फूड खाने से उसे सुस्ती आने लगी। वह सुबह भी देर से उठता।

एक दिन फिर मम्मी ने आभास को चेताया कि वह मोटा होता जा रहा है। वह बोला, 'मम्मी, मैं अपनी हेल्थ का ध्यान दूंगा। मैं योग करके अपना बढ़ा हुआ पेट कम कर लूंगा।' लेकिन कई दिन बीतने पर भी जब आभास ने कुछ नहीं किया तो मम्मी ने चिंता से पापा से बात की।

रविवार को पापा ने आभास को अपने पास बुलाया और समझाया, 'बेटा, जंक फूड खाने से तुम मोटे हो रहे हो। तुम्हारा पेट बाहर निकल गया है। मोटापा एक बार आ जाए तो वापस मुश्किल से जाता है। अगर विद्यार्थी जीवन से ही संतुलित खाना खाया जाए और योग-व्यायाम किया जाए तो शरीर चुस्त रहता है। बेटा, मोटापा कई बीमारियों का कारण है। अच्छे स्वास्थ्य का कोई विकल्प नहीं। तुमको अनुशासन में रहकर खाना चाहिए ताकि पसंद का सब कुछ खा सको और वजन भी न बढ़े। बेटा, मुझसे वायदा करो कि नियमित योग करोगे, बढ़ा हुआ वजन एक महीने में कम कर लोगे।'

आभास को अपने पापा की बात, समझ में आ गई। उसने पापा से वायदा किया कि वह जंक फूड खाना बिल्कुल बंद कर देगा। अपना वजन घटाने और पेट अंदर करने के लिए रोजाना योग-व्यायाम करेगा।

सोमवार को स्कूल जाते समय आभास ने जंक फूड की दुकानों की तरफ देखा तक नहीं। उसने पक्का निश्चय कर लिया था कि अब उसे अपना वजन कम करना है। कुछ दिन बाद उसका वजन कम भी होने लगा। वह मन ही मन यह सोचकर खुश होता कि बहुत जल्दी अपने मोटापे को घटा लेगा, फिट और फुर्तीला नजर आएगा। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



## योग करें बन जाएं भीम

पापा बोले, 'योग करो तो,
दूर भागते रोग।
तन-मन की दिक्कतें मिटाए,
काया बने निरोग।'
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य-
इस वर्ष के लिए थीम।
योग करे जो भी दुनिया में,
वह बन जाए भीम।'
मैं बोला, 'प्यारे पापा!
फिर चलो सिखाओ योग।
मैं भी रोज करूंगा,
कर के मुझे दिखाओ योग।'
योग दिवस इक्कीस जून को,
मना रहा संसार।
'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य',
की गूंज रही जयकार।
अब पापा के साथ बैठकर,
मैं करता हूं योग।
देखा-देखी योग कर रहे,
घर के सारे लोग।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां योग दिवस से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर पांच मिनट में खोज कर बताने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर :** 1. सबसे आगे बैठकर योग कर रहे लड़के की टी-शर्ट का कलर बदला हुआ है। 2.नीचे बाईं तरफ एक फूल कम दिख रहा है। 3.ऊपर बाईं तरफ आकाश में दो की बजाय चार पंछी उड़ रहे हैं। 4.दाईं तरफ घर के ऊपरी हिस्से में दो वेंटिलेशन विंडो दिख रहे हैं। 5.दाहिनी तरफ घर के थोड़ा ऊपर एक मधुमक्खी दिख रही है। 6.नीचे दाईं तरफ तितली गायब है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ऋषि के दोस्त पार्क में योगाभ्यास कर रहे हैं, उसे इनके पास योगाभ्यास के लिए पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम ऋषि को अपने दोस्तों तक पहुंचने का रास्ता बताओ तो जरा।



**खबर संक्षेप**



झज्जर। प्राचार्य कक्ष में यहां रखी थी बैट्रियां व इंवर्टर। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय विद्यालय से इंवर्टर व 4 बैट्रियां चोरी

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किलड़ौद में चोरों द्वारा स्कूल में लगाए गए सोलर पैनल की चार बैट्रियां व इंवर्टर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। स्कूल प्राचार्य को जब चोरी की घटना का पता चला तो उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में कर्मवीर सिंह चौहान ने बताया कि वह विद्यालय में प्राचार्य के पद पर कार्यरत है। बुधवार की रात उनके विद्यालय में चोरी हो गई। जब वे स्कूल पहुंचे तो पता चला कि प्राचार्य कक्ष का ताला तोड़ कर वहां से चोर सोलर पैनल की चार बैट्रियां तथा उसके साथ लगे इंवर्टर को चुरा ले गए। इसके उपरांत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित : डीसी स्वप्निल

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पारंपरिक भारतीय चिकित्सा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार प्रदान किया जाता है। केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार 2025 के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञों से आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 जून है।

### ट्रेन में चढ़ते समय महिला की चेन झपटी

**रेवाड़ी।** हिसार से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय एक महिला के गले की चेन झपट ली। जीआरपी दिल्ली कैंट को दर्ज शिकायत में बोहतवास अहीर निवासी नीरज चोपड़ा ने बताया कि वह प्लेटफार्म नं. 5 पर दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेन में चढ़ रही थी। भीड़ के कारण किसी ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। इसके बाद ट्रेन स्टेशन से चल पड़ी। कैंट जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करने के बाद रेवाड़ी भेज दी। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

### कोर्ट से घोषित पीओ के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोर्ट ने जींद की गुरूद्वारा कॉलोनी निवासी सुमित को एक मामले में गत वर्ष 18 दिसंबर को पीओ घोषित करते हुए उसके गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश भी हुए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। उसकी संपत्ति का ब्योरा भी हासिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नालों और सीवरेज की सफाई को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक

# दफ्तर में अधिकारियों को पानी निकासी के निर्देश दे रहे थे एसडीएम, गली में भरा था दूषित पानी





बहादुरगढ़। मीटिंग में नालों की सफाई व सीवरेज व्यवस्था पर चर्चा करते एसडीएम तथा सीवर ओवरफ्लो के चलते गली में भरा गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

■ नगर परिषद और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की जलनिकासी व्यवस्था सुधारने के लिए एसडीएम नसीब कुमार ने नगर परिषद और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई। यह टीम समन्वय बनाकर शहर में नालों की सफाई व सीवरेज से संबंधित समस्या का समाधान करेगी। एसडीएम नसीब कुमार ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय पर जलनिकासी व्यवस्था के संबंध में मीटिंग ली। मीटिंग में नगर परिषद व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ चेयरपर्सन सरोज राठी भी मौजूद रही। चेयरपर्सन ने एसडीएम को बताया नालों और सीवर लाइनों की सही प्रकार से सफाई नहीं होने के कारण 2 दिन पहले आई बरसात के कारण आमजन को शहर में कई जगहों पर जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा। एसडीएम ने अधिकारियों दोनों विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई। बरसाती नालों की अच्छी तरह से सफाई करने के निर्देश दिए। सीवर ओवरफ्लो से संबंधित समस्या का अविलंब निवारण करने की हिदायत दी। मीटिंग में परिषद के कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल, सचिव प्रवीण, एसआई सुनील हुड्डा, के अलावा पीएचईडी के कार्यकारी अभियंता अमन मोर, जेई दलबीर देशवाल व पार्षद राजेश तंवर भी मौजूद रहे।

### आदर्श नगर की गली कई दिनों से पानी से लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ शहर में सीवरेज लाइनों की दशा बेहतर नहीं

शहर में सीवरेज लाइनों की दशा बेहतर नहीं है। कई जगह सीवर लाइन बंद हैं। इस कारण सीवर ओवरफ्लो हो होने के कारण गंदगी गलियों में फैल जाती है। झज्जर रोड स्थित आदर्श नगर में भी ऐसे ही हालात बने हैं। यहां गली नंबर पांच में पिछले कई दिनों से सीवर की गंदगी जमा है। जलभराव से आने जाने का रास्ता बंद हो गया है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड-26 के अधीन लगती इस गली में पूर्व विधायक नरेश कौशिक का भी मकान है। गली के हालात ये हैं कि आने जाने का रास्ता तक नहीं बचा है। वीरवार को स्थानीय निवासियों ने इकट्ठे होकर नाराजगी जताई। राजेंद्र, महेंद्र व महावीर आदि ने कहा कि पिछले करीब दस दिन से यह समस्या गहराई है। गली में गंदा पानी भरा हुआ है। गली में आने जाने तक का रास्ता तक नहीं बचा है। ईंट लगाकर लोग गली से गुजर रहे हैं। गंदगी के कारण दुर्गंध उठी रहती है। घर से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। बीमारियां फैलने का डर है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। अधिकारियों को मामले से अवगत करा चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। उधर, वार्ड पार्षद बलराम उर्फ मिंटू ने कहा कि समस्या बेहद गंभीर है। दरअसल, सीवर की मेन लाइन बंद पड़ी है। न केवल आदर्श नगर बल्कि, शक्ति नगर, देव नगर, डीआईजी कॉलोनी और श्याम कॉलोनी भी प्रभावित हैं। आदर्श नगर की गली नंबर पांच में हालात गंभीर हैं। अधिकारियों को मामले से अवगत करा चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। बहादुरगढ़ में तो एसटीपी भी बंद रहता है। अधिकारियों को मामले में संज्ञान लेते हुए समस्या का समाधान करना चाहिए अन्यथा आगामी बरसाती दिनों में तो हालात विकट हो जाएंगे।




झज्जर। सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ राष्ट्रव्यापी हड़ताल में इन मांगों को लेकर संगठन बढ़ चढ़कर भागीदारी करेगा

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने वीरवार को रेवाड़ी बाईपास पर सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के जिला कमेटी सदस्य ओमबीर सिंह ने कहा कि सरकार एमएसपी गारंटी का कानून बनाने से मुकर गई है तथा तीन काले कानूनों को नए शब्दों में कृषि मार्केटिंग पॉलिसी का नाम देकर फिर से लागू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि ये कानून लागू होने पर किसान, दुग्ध उत्पादक तथा मुर्गी व मछली पालक बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी नौ जुलाई को होने वाली मजदूर-कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में इन मांगों को लेकर उनका संगठन बढ़ चढ़कर भागीदारी करेगा। जिला कमेटी सदस्य सतपाल सिंह संभ्रवाल ने कहा कि सरकार का प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय बिजली क्षेत्र को कार्पोरेट घरानों के हाथ सौंपने की तैयारी है। बिजली के निजीकरण से सभी प्रकार की सब्सिडियां खत्म हो जाएंगी तथा बिजली किसानों और मज़दूरों की पहुंच से दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली कानून 2003 को रद्द करने, स्मार्ट मीटर लगाने की स्कीम पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर भी आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर संसार सुरहेती, किशन छबीली, प्रवीण, नितिन, हरीश, राहुल, जिशान, बलवान, जितेंद्र, जोगेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### दावे व आपत्तियां दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 24 जून

**झज्जर।** जिप सीईओ मनीष फौगाट ने बताया कि जिला में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2-0 की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को लेकर अभ्यर्थी दावे व आपत्तियां 24 जून तक दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2-0 के तहत जिला के सभी खंडों के 34 गांवों में सर्वे कार्य पूरा हो चुका है,इसके लिए भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को लेकर अभ्यर्थी 24 जून तक अपने ग्राम सचिव,बीडीपीओ कार्यालय और जिला परिषद झज्जर के कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर यानी 24 जून तक जमा करवा सकते हैं।

## एसडीएम ने किया डाबड़ा तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी



बेरी। डाबड़ा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करतीं एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने बाघपुर में चल रहे डाबड़ा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया और पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को तालाब के जीर्णोद्धार कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन से पूर्व डाबड़ा तालाब के पानी निकासी के साथ ही ग्रामीणों की मांग के अनुरूप चारदीवारी कार्य को समय रहते पूरा किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि गांव में निर्माणाधीन डाबड़ा सरोवर के जीर्णोद्धार के साथ साथ स्वच्छता और सुंदरता में सहयोग करें। तालाब में कचरा न डालें। बता दें कि गांव बाघपुर में सीएसआर स्कीम से लगभग एक करोड़ की राशि से डाबड़ा तालाब का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इस राशि से तालाब की चारदीवारी, गाद व गंदे पानी की निकासी, तालाब पर सोलर लाईट, ट्रैक का निर्माण, बैठने के लिए बेंचों की व्यवस्था की जाएगी।

## विशेष कैंसर स्क्रीनिंग हेल्थ चेकअप कैंप में 123 कर्मचारियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। कैंप के दौरान स्वास्थ्य जांच करवाते हुए जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को पुलिस लाइन मैदान स्थित डीएवी स्कूल में पुलिस कर्मियों के लिए विशेष कैंसर स्क्रीनिंग हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने कैंप का शुभारंभ किया। जांच शिविर में 123 पुलिस कर्मचारी की कैंसर संबंधित जांच की गई। डॉक्टर संजय बडेसरा ने बताया कि कैंसर को शुरुआती स्टेज मे पहचान लिया जाए तो कैंसर का उपचार किया जा सकता है। उन्होंने कैंसर की बीमारी होने के लक्षण व उससे बचने के बारे में अवगत कराया। इसके साथ-साथ दैनिक जीवन शैली से होने वाले रोग उनकी रोकथाम, लक्षण आदि के बारे में भी कर्मचारियों को जागरूक किया। इस दौरान 18 महिला कर्मचारी की मैमोग्राफी कि गई। जिस भी परिवार मे ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित हिस्ट्री रही है वो 40 साल की उम्र में महिला ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग जरुर करवाएं। उन्होंने बताया कि जिस भी महिला को अचानक से ब्रेस्ट मे ज्यादा दर्द, वजन कम होना, ब्लीडिंग होना या धूम्रपान करते है वो 40 साल की उम्र मे एक बार अपना फुल बॉडी एमआरआई जरुर करवाएं।

## गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

### तलाव गांव स्थित हैफेड गोदाम के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

तलाव गांव स्थित हैफेड गोदाम के नजदीक तेज रफ्तार गाड़ी ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार कर घायल कर दिया। एक्सीडेंट में आई गंभीर चोटों के कारण घायल युवक को रोहतक पीजीआई रैफर किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में सुबाना गांव निवासी सोनू कुमार ने बताया कि वह तलाव गांव स्थित हैफेड अनाज गोदाम में कार्य करता है। उसका साथी माजरा दूबलधन निवासी अजीत भी वहीं कार्यरत है। बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे अजीत गोदाम से कुछ घरेलू सामान लाने के लिए शहर की ओर गया था। इसके बाद करीब साढ़े नौ बजे जब उन्हें तेज आवाज सुनाई दी तो उन्होंने बाहर निकलकर देखा कि एक पिकअप गाड़ी और मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट हो गया। जब उन्होंने नजदीक जाकर घायल युवक को देखा तो वह अजीत था। इसके बाद वे अजीत को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे । जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीजेएम के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**बहादुरगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल के आदेश अनुसार गठित टीम द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध बहादुरगढ़ शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक किराना स्टोर से दो नाबालिग बच्चों को श्रम करते हुए पाया गया। टीम ने बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया तथा किराना स्टोर के मालिक के विरुद्ध सिटी थाना में चाइल्ड लेबर एक्ट की धारा 3, 14 व जेजे एक्ट की धारा 75, 79 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। पैनल अधिवक्ता दीपक यादव के नेतृत्व में गठित टीम में लेबर इंस्पेक्टर राजकुमार, खाद्य आपूर्ति विभाग से इंस्पेक्टर राजेश सहगल, मानव तस्करी विरोधी इकाई, राज्य अपराध शाखा से ईएएसआई अजय, मनोज कुमार, संदीप जांगड़ा सीएसडब्ल्यू शामिल थे।



सीजेएम विशाल

## जिस कमरे में लगाई थी कंपनी कर्मचारी ने फांसी, वहीं बेड पर मिला महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

■ पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाकर शुरू की जांच, पति से विवाद के चलते पत्नी रह रही थी अलग

धारूहेड़ा की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक मकान के जिस कमरे में कंपनी कर्मचारी का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला था, उसी कमरे के बेड से वीरवार दोपहर बाद एक महिला का शव भी बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू की।

डीएसपी रविंद्र व सीआईए की टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया। पुलिस मृतका की शिनाख्त कराने के प्रयास कर रही है। एक कंपनी में कार्य करने वाला पलवल निवासी युवक योगेश हाउसिंग बोर्ड में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। उसका अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था, जिस कारण उसकी पत्नी मायके में ही रह रही है।

गत 6 जून को योगेश की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। उसका शव फांदी के फंदे से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वीरवार को योगेश के परिजन कमरे से उसका सामान लेने के लिए धारूहेड़ा आए थे।

कमरे में बहुत ज्यादा दुर्गंध आ रही थी। परिजनों ने कमरे में रखा बेड खोलकर देखा तो उसमें महिला का गला-सड़ा शव पड़ा हुआ था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। हत्या का मामला होने के कारण डीएसपी रविंद्र कुमार और सीआईए की टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव को सामान्य अस्पताल भिजवा दिया गया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

धारूहेड़ा। आकेड़ा में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में फतेहसिंह ने बताया कि उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। इसके बाद वह अपने घर के अंदर चला गया। लगभग एक घंटे बाद घर से बाहर निकला, तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी उसकी बाइक का कोई पता नहीं चला। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### घासेड़ा का तीस वर्षीय युवक घर से लापता

**रेवाड़ी।** घासेड़ा गांव का एक 30 वर्षीय शादीशुदा युवक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में विक्रम ने बताया कि उसका बेटा जितेंद्र शादीशुदा है। वह 16 जून को घर से बिना बताए कहीं चला गया। शाम तक वापस नहीं आने पर उसकी तलाश शुरू की। मोबाइल फोन बंद आने के कारण उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला सका है। सदर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### कोर्ट से घोषित किया गया पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। एक मामले में कोर्ट ने कंपनी बाग निवासी कृष्ण को उद्घोषित अपराधी करार दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ 9 जून को केस दर्ज किया था। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने आरोपी कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया।

## दो भैंसों को चोरी करके ले जा रहे थे चोर मोड़ पर गाड़ी पलटी, छोड़ कर भाग गए

■ ढलानवास के पिकअप गाड़ी में आए थे

■ भैसों को एक पिकअप गाड़ी में चढ़ा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव ढलानवास के पिकअप गाड़ी में सवार होकर आए चोरों द्वारा एक प्लाट में बंधी दो भैंसों को चोरी करने का प्रयास किया गया। चोर जब गांव की फिरनी पर खड़ी पिकअप गाड़ी में भैंसों को चढ़ाकर भागने लगे तो तीव्र मोड़ होने के कारण उनकी पिकअप पलट गई और वे गाड़ी छोड़ कर मौके से भाग निकले। पुलिस को दी शिकयत में ढलानवास गांव निवासी लीलाराम ने बताया कि वह मेहतन मजदूरी का काम करता है। उसने दो भैंस पाल रखी है जिन्हें वह मकान के सामने खाली प्लाट में बांधता है। बुधवार की रात करीब सवा बारह बजे जब उसने उठकर देखा तो भैंस प्लाट से गायब थीं। ऐसे में जब वह अपने पुत्र सोनू के साथ भैंसों की तलाश में निकले तो सेहलंगा गांव की तरफ फिरनी पर तीन व्यक्ति उनकी दोनों भैसों को एक पिकअप गाड़ी में चढ़ा रहे थे। जब उन्होंने शोर मचाया तो वे गाड़ी लेकर भागने लगे लेकिन उनकी गाड़ी मोड़ पर पलट गई और तीनों व्यक्ति गाड़ी छोड़ कर मौके से भाग निकले। उसके बाद उन्होंने ग्रामीणों की सहायता से गाड़ी सीधी कराते हुए दोनों भैसों को गाड़ी से बाहर निकलवाया पुलिस को इस घटना की सूचना दी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।




**ग्रामीणों की सहायता से गाड़ी सीधी कराकर दोनों को गाड़ी से निकलवाया**

झज्जर। घटना स्थल पर खड़ी पिकअप गाड़ी जिसमें भैसों को ले जा रहे थे चोर तथा घायल भैंस का उपचार करते हुए पशु चिकित्सक।



### एक भैंस हुई चोटिल

पीड़ित पशुपालक लीलाराम ने बताया कि जब पिकअप गाड़ी पलटी और उसमें से भैंसों को निकाला गया तो उनमें से एक भैंस चोटिल हो गई। उसके मुंह पर घाव हो गए थे। जिसमें पशु चिकित्सकों को टांके लगाने पड़े। हालांकि दूसरी भैंस को हल्की खरौंच आई।

## गांव परनाला में लगाईं 5 त्रिवेणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। परनाला में त्रिवेणी रोपते अशोक राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को गांव परनाला के तालाबों पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी द्वारा 5 त्रिवेणी रोपित की गईं। उनके अनुसार त्रिवेणी रोपित करना एक बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण कर्य माना जाता है। क्योंकि त्रिवेणी में लगने वाले वृक्ष सकारात्मक ऊर्जा, शांति और दिव्यता प्रदान करते हैं। अशोक प्रधान ने बताया कि गांव परनाला के सूरजमल जोहड़ और मानेसर जोहड़ पर पंचायत द्वारा आम, पिलखन और अर्जुन की 5 त्रिवेणियां लगाई गई। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी को खुले और सार्वजनिक स्थानों पर लगाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण अमरजीत, सोनू, जोगी, रणबीर, सूरज, बिजेंद्र व राहुल के साथ संकल्प लिया कि रोपित की गई त्रिवेणी का संरक्षण करेंगे, तभी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किया गया प्रयास सार्थक साबित हो सकता है। उनका प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के भाव से जोड़ा जाए।

**सूचना**

मैं, सतीश पुत्र श्री दीप चन्द निवासी मकान नंबर-14, गांव आसोदा टोडरान, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमीत व पुत्रवधु सुदेश मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### चोरी के आरोपी को जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** एमआईई स्थित फैक्ट्री में चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरीशुदा कुछ सामान बरामद किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया। मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

दरअसल, उद्यमी अनिल ने पुलिस को शिकायत दी थी कि एमआईई स्थित उसकी कंपनी में पिछले कुछ समय से चोरी की वारदात हो रही हैं। हाल ही में गत 11 जून और 15 जून को वारदात हुई। इस दौरान कंपनी से लोहे, तांबे सहित लाखों का सामान चोरी कर लिया गया। दीवार व शौचालयों को भी नुकसान पहुंचा गया। इस शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सूरज के रूप में हुई है। आरोपी से चोरी शुदा टोंटी सहित कुछ अन्य सामान बरामद किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया। मामले में कई और चोरों का हाथ बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा जल्द ही तमाम आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।

### कर्मचारी से फोन छीनने का आरोपी जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को एचएसआईआईडीसी में हुई मोबाइल छीनने की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उससे छीना गया मोबाइल तथा वारदात में प्रयोग की गई बाइक बरामद हुई है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। सेक्टर-16 चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार के अनुसार, लाइनपार के निवासी दीपक ने शिकायत दी थी कि वह एचएसआईआईडीसी स्थित एक कंपनी में काम करता है। गत 17 जून को वह ऑटो में सवार होकर ड्यूटी के लिए रवाना हुआ। सेक्टर 16 मोड़ के पास ऑटो से उतरकर पैदल चल दिया। जब कसार रोड पर एक प्रॉपर्टी डीलर के आफिस के निकट पहुंचा तो बाइक सवार एक युवक आया और मोबाइल झपट कर ले गया। इस शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई रवि की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान यश उर्फ टिंकू निवासी डाबोदा के रूप में हुई है। आरोपी ने वारदात कुबूल कर ली है। उसकी निशानदेही पर छीना गया मोबाइल व वारदात में प्रयोग की गई बाइक बरामद कर ली गई है। चौकी प्रभारी राजेंद्र ने बताया कि आरोपी पर इससे पहले भी दो आपराधिक केस दर्ज हैं।

## 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा

# एसडीएम ने आम लोगों के साथ की योग की रिहर्सल

■ नागरिकों को नशे से दूर रहने और योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर चल रही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विदित है कि 21 जून को विभिन्न संगठनों के सहयोग से 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इसे लेकर वीरवार को शहर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल की गई। एसडीएम नसीब कुमार ने बताया कि बहादुरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राजेश जून मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि वीरवार को रिहर्सल में विभिन्न प्रकार के योग करवाए गए और योग से होने वाले फायदों को बताया गया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा अभियान के रूप में मना रही है।

नागरिकों को नशे से दूर रहने और योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर नायब तहसीलदार अनिल कुमार, एसडीओ डॉ. सुनील कौशिक, डॉ नीलम आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। अंबेडकर स्टेडियम में योगाभ्यास करते एसडीएम नसीब कुमार व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### योग यात्रा निकालकर किया ग्रामीणों को जागरूक

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव गिजाड़ौद में वीरवार को योग जागरण यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मुख्यातिथि के रूप में ग्राम सरपंच नरेश कुमार ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ रहता है। लोगों को चाहिए कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। योग सहायक प्रवीण कुमार ने बताया कि योग यात्रा के दौरान जहां लोगों को योग के प्रति जागरुक किया गया वहीं गांव की व्यायामशाला में ग्रामीणों को योगाभ्यास भी कराया गया। ग्राम सरपंच नरेश कुमार व चंद्रदीप द्वारा पिछले दिनों हुई जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में तीसरा व पांचवां स्थान पाने वाले युवा आर्यन और रघु को भी प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साह बढ़ाया।


झज्जर। यात्रा से पूर्व गांव की व्यायामशाला में उपस्थित ग्रामीण।

### गांव भदाना में निकाली योग यात्रा

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना में वर्ल्ड योगा-डे के उपलक्ष्य में गांव के खेल मैदान में योग यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम सरपंच पवन शर्मा, योग सहायक गौतम व भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा के नेतृत्व में युवाओं द्वारा जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को योग के प्रति जागरूक किया गया। मुकेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पूरा विश्व योग के महत्व को समझ चुका है। अनेक विकसित देश के लोग भी योग दिवस पर योग करेंगे। इस दौरान युवाओं को योगाभ्यास भी करवाया गया।


झज्जर। योग यात्रा के दौरान गांव के खेल स्टेडियम में उपस्थित युवा। फोटो :हरिभूमि

# भाजपा ने बहादुरगढ़ के 25 शक्ति केंद्रों पर की संकल्प सभाएं


बहादुरगढ़। लोगों को मोदी राज की उपलब्धियां बताते दिनेश कौशिक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ आमजन को मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी गई

भाजपा के संकल्प से सिद्धि तक चल रहे जनसंपर्क अभियान के तहत बहादुरगढ़ के 25 शक्ति केंद्रों पर आमजन को मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

इन कार्यक्रमों में भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक व नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने शिरकत की। वीरवार को निलोठी, लाइनपार के सूरत नगर, सिद्दीपुर, लोवा खुर्द, कसार और बराही के शक्ति केंद्रों पर संकल्प जनसभाएं हुईं। दिनेश कौशिक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की पहचान विश्व के विकसित देशों में हो रही है। मोदी सरकार के 11 वर्ष विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का दौर रहा। मोदी ने राष्ट्रहित में ऐतिहासिक और निर्णायक फैसले लिए हैं। धारा 370 हटाना, तीन तलाक का खात्मा करना और नया वक्फ कानून बनाने के साथ ही सर्जिकल स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की छवि को दुनिया में निखारा। मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। नायब सरकार तीन गुणा गति से प्रदेश के विकास में जुटी है। इस अवसर पर दिनेश शेखावत, कर्मबीर राठी, नरेश भारद्वाज, नरेश रोहिल्ला, रामकंवार सैनी, डा. दुष्यंत काजला, राजेश तंवर, लाला सरपंच, अमित कसार व मोहित सरपंच आदि मौजूद रहे।

# सोलधा से इस्सरहेड़ी तक बनेगा लिंक रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव सोलधा से इस्सरहेड़ी तक करीब पौने 2 किलोमीटर लंबे लिंक रोड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। वीरवार को विधायक राजेश जून ने नारियल फोड़कर लिंक रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने इसके लिए उनका आभार जताया। विधायक राजेश जून ने कहा कि विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से लेकर अब तक उन्होंने हलके की लगभग 90 प्रतिशत टूटी हुई सड़कों को नए सिरे से बनवाया है। अधिकांश सड़कें बन चुकी हैं और कई सड़कों का निर्माण जारी है। इससे लोगों को अब आवागमन की बेहतर सुविधा मिल रही है। विधायक राजेश जून ने बताया कि सोलधा गांव से मुंढ़ेला तक का लिंक रोड भी लोक निर्माण विभाग से मंजूर करा दिया है।

जल्द ही इस रोड का निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने लिंक रोड के निर्माण कार्य में टेंडर के तय मानकों व गुणवत्ता का पूरी तरह से पालन करने की हिदायत दी है। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण भी निर्माण कार्य पर अपनी नजर रखें।


बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर लिंक रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

### इनेलो ने कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरा

**बहादुरगढ़।** इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने भाजपा राज में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। उनके अनुसार पूरे प्रदेश में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। आमजन अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित है। इनेलो नेत्री शीला नफे सिंह राठी के अनुसार भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही हरियाणा में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। आए दिन हत्या, लूट, फिरोती व महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की संख्या बढ़ रही है। इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी के हत्यारे व साजिशकर्ता आज भी कानून की पकड़ से बाहर खुलेआम घूम रहे हैं। लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी परिवार को कोई न्याय नहीं मिला है। विगत दिनों शहीद भगत सिंह पार्क में हुई युवक की हत्या के बाद न्याय के लिए उनका परिवार दर-दर की ठोकरें खा रहा है। बहादुरगढ़ समेत पूरे प्रदेश में बदमाशों द्वारा व्यापारियों से फिरोती मांगी जा रही हैं। नशा तस्करी चरम सीमा पर है, जिसकी गिरफ्त में आकर युवा अपराध की ओर बढ़ रहा है। भाजपा सरकार में अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं और वारदात कर रहे हैं। जनता भी समझ चुकी है कि भाजपा राज में वे सुरक्षित नहीं है। इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला के नेतृत्व में इनेलो सरकार बनने पर अपराध को जड़ से समाप्त किया जाएगा और लोगों को सुरक्षित वातावरण मिलेगा।


शीला राठी

### सट्टा लगाते दो आरोपी पकड़े

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में सट्टा खिलाने के एक अड्डे पर पुलिस ने छापा मारा। इस दो आरोपी मौके से गिरफ्तार किए गए। आरोपियों से 21 हजार से अधिक रुपये और सट्टा पर्चियां बरामद हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि नाहरा, नाहरी रोड पर स्थित गंडासे वाली गली में एक कमरे के अंदर सट्टा खिलाया जाता है। इस सूचना पर टीम वहां गई और छापा मारा। इस दौरान दो लोग गिरफ्तार किए गए। इनकी पहचान दीपक व बिजेंद्र के रूप में हुई। दोनों लाइनपार के रहने वाले हैं। इनके पास 21 हजार 959 रुपये बरामद हुए।


झज्जर। योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए एडीसी जगनिवास। फोटो :हरिभूमि

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर रोडवेज वर्कशॉप परिसर में आज होगी रिहर्सल

**झज्जर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर एडीसी जगनिवास ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि योग दिवस के आयोजन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को योग दिवस के कार्यक्रम की रिहर्सल आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर योग दिवस के कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण लाल मिड्ढा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि बहादुरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजेश जून मुख्यातिथि होंगे। इसके अलावा बादली उपमंडल कार्यक्रम में दादरी के विधायक सुनील सतपाल, बेरी उपमंडल में हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी के चेयरमैन सतीश कुमार मुख्यातिथि होंगे। वहीं साल्हावास ब्लॉक के कार्यक्रम में जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, मातनहेल ब्लॉक में एसडीएम अंकित कुमार चौकसे, तथा माछरौली ब्लॉक में एसडीएम सतीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अब तक 56 हजार से अधिक लोग पंजीकरण करवा चुके हैं।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः पार्क में योग प्रदर्शनी का आयोजन

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को रेलवे स्टेशन के पास स्थित पार्क में योग व फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। लोगों ने योगाभ्यास कर तन-मन को संतुलित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. बालकिशन तंवर व नीतू द्वारा किया गया। इस अवसर पर योग और प्राकृतिक चिकित्सा से संबंधित फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसके जरिये प्रतिभागियों और आगंतुकों को योग तथा प्राकृतिक जीवन शैली के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अनिता जांगड़ा, नीतू, रामनिवास रोहिल्ला, अनिल, सतीश जांगड़ा, सुनिता, नरेश और छोटी देवी का सहयोग रहा। बालकिशन तंवर ने कहा कि योग केवल शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो व्यक्ति को शांति, संतुलन और स्वास्थ्य की ओर ले जाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता फैलाना है।

# सांसद धर्मबीर ने की 'वन नेशन वन इलेक्शन' की पैरवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मबीर सिंह ने भारत के विकास के लिए एक देश एक चुनाव को जरूरी बताया है। उनके अनुसार देश में बार-बार चुनाव होने से पैसे और समय की बर्बादी होती है और लोगों में गुटबाजी बढ़ती है। इसीलिए एक देश एक चुनाव की मांग जोर पकड़ रही है। वीरवार को देशी ढाणी पर पर पहुंचे सांसद धर्मबीर सिंह का हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने स्वागत किया। सांसद धर्मबीर सिंह ने मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां का बखान किया। उनके अनुसार इस दौरान भारत ने हर क्षेत्र में तेजी से विकास किया है। सड़क और रेल नेटवर्क मजबूत हुआ है। स्वास्थ्य क्षेत्र में विश्वस्तरीय सुधार हुआ है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। लोगों को महंगी दवाओं के जाल से छुटकारा दिलवाया और हर व्यक्ति को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का इलाज फ्री दिया है। सांसद धर्मबीर सिंह के अनुसार देश का समर्थन ऐसे ही मिलता रहा तो भारत 2047 से पहले ही विकसित भारत बन जाएगा। इस मौके पर हरियाणा तैराकी संघ के सदस्य सुरेश जून, सुनील खत्री और बलवान कादयान आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। वीरवार को अनिल खत्री के साथ सांसद धर्मबीर सिंह।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## जिले को नशा मुक्त बनाने की पुलिस की मुहिम हुई तेज

# आमजन को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक

■ नशा कोई भी हो वह परिवार को बर्बाद कर देता है

■ समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे

■ नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ्य के साथ साथ धन की हानि होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले को नशा मुक्त बनाने की मुहिम के तहत पुलिस की विभिन्न टीमें आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में वीरवार को पुलिस टीम द्वारा निरीक्षक बलदेव व एएसआई राखी के नेतृत्व में वार्ड नंबर 16 व 17 में लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा कोई भी हो वह परिवार को बर्बाद कर देता है। समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे है। पहले युवा नशा शौक के कारण करता है और बाद मे धीरे धीरे वह अन्य नशे हेरोईन, अफीम आदि जानलेवा नशे लेना शुरु कर देता है। इसके बाद में नशे की लत पड़ने पर उसका जीवन बर्बाद हो जाता है। नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ्य के साथ साथ धन की हानि होती है। नशे से हजारों घर बर्बाद हो चुके है। इसलिए हमें नशे से दूर रहना चाहिए और यदि कोई व्यक्ति आपके आसपास नशे का कारोबार करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए ताकि ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।


झज्जर। नशे के दुष्प्रभाव के प्रति आमजन को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि